महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांक– 1193 / कु0का0 / 2023 दिनांक– 24 / 02 / 2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय
आजमगढ़।

विषय– द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के पठन–पाठन व प्रयोगात्मक का कार्य नियमति रूप से निर्धारित अवधि में पूर्ण कराए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अवगत हैं कि विश्वविद्यालय की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (सत्र 2022–23) की मुख्य परीक्षाएं 05 जनवरी 2023 को सम्पादित हो चुकी हैं और द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर 2023 के पठन–पाठन का कार्य 11 जनवरी 2023 से प्रारम्भ हो गया था। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि वर्तमान सत्र के पठन–पाठन, प्रयोगात्मक एवं कौशल विकास पाठ्यक्रमों का कार्य निर्धारित अवधि में नियमित कक्षाएं, अतिरिक्त कक्षाएं तथा ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित कराकर शीघ्र सम्पन्न करा लें तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप आंतरिक मूल्यांकन का कार्य भी निर्धारित अवधि में पूरा करा लें जिससे कि अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह से द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रारम्भ की जा सकें और विश्वविद्यालय / महाविद्यालय हित में सत्र का नियमितीकरण किया जा सके।

आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों के पठन–पाठन की समय सारिणी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपने कालेज लाॅग–इन के माध्यम से तत्काल अपलोड करा दें तथा उक्त समय सारिणी की एक प्रति महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा रहे तथा प्राचार्य एवं सम्बन्धित शिक्षकों के पास हमेशा उपलब्ध रहे।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

भवदीय

(वी0पी0 कौशल)
कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. मीडिया प्रभारी को इस निर्देश के साथ कि विभिन्न दैनिक समाचार–पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित करने का कष्ट करें।
3. वेबसाइट प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव